दैनिक भारत कि

# तामीर

संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com

बीड (महाराष्ट्र) वर्ष-१ ला अंक-२६३ वा बुधवार २३ एप्रिल २०२५ RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 किमत : २ रूपये पन्ने - ४

## युवक को ऑनलाइन ठगा गया

बीड, २१ जनवरी २०२५ । प्रतिनिधि

केज शहर में एक २४ वर्षीय युवक को अज्ञात साइबर ठग द्वारा व्हाट्सएप लिंक भेजकर धोखा देने की घटना सामने आई है। आरोपी ने पीड़ित के क्रेडिट कार्ड से दो मोबाइल फोन खरीदकर कुल ८२,३०३ की ऑनलाइन ठगी की है। इस संबंध में सोमवार (२१ जनवरी) को सायबर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्रांति नगर, केज निवासी निलेश सुभाष राऊत (आयु २४ वर्ष) के व्हाट्सएप नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति ने एक लिंक भेजी। जैसे ही उन्होंने उस लिंक पर क्लिक किया, उनके क्रेडिट कार्ड से दो महंगे मोबाइल फोन खरीद लिए गए। निलेश राऊत ने जब अपने खाते से हुए लेन-देन की जानकारी प्राप्त की, तो उन्होंने तुरंत सायबर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। इस आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

सायबर पुलिस इस मामले की आगे जांच कर रही है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहें।

# जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला, २० पर्यटकों की मौत की पुष्टि; दो विदेशी नागरिकों के शामिल होने की आशंका

## घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क, प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने की तीव्र निंदा

श्रीनगर/नई दिल्ली । प्रतिनिधि

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित प्रसिद्ध पर्यटक स्थल बैसरन घाटी में सोमवार को हुए आतंकी हमले में कम से कम २० पर्यटकों की मौत हो गई है, जबकि १० से अधिक घायल बताए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, घायलों में से दो की हालत गंभीर है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, आतंकियों ने बैसरन घाटी में अचानक अंधाधुंध गोलियां चलाकर पर्यटकों को निशाना बनाया।

घटना के तुरंत बाद घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। बैसरन घाटी तक पहुंचने का रास्ता केवल पैदल मार्ग से ही संभव है, जिससे राहत कार्यों में भी कठिनाई हुई। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की प्रतिक्रिया केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हमले की तीव्र निंदा करते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले से मैं व्यथित हूं। मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। इस हमले के लिए जिम्मेदार किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्हें कठोर सजा दी जाएगी और गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि उन्होंने घटना की सूचना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी है और जल्द ही सभी सुरक्षा एजेंसियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक करने के लिए वे श्रीनगर जाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हमले पर




तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, मैं इस नृशंस आतंकी हमले की घोर निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदना है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। पीड़ितों को हर संभव सहायता दी जा रही है। हम हमलावरों को बख्शेंगे नहीं - उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। देश आतंकवाद के खिलाफ अपने संकल्प में अडिग है और यह लड़ाई और मजबूत होगी।

राहुल गांधी की प्रतिक्रिया

हमले के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी इस घटना पर प्रतिक्रिया दी है। हालांकि उनके बयान का पूरा विवरण अभी सामने नहीं आया है, लेकिन उन्होंने इस हमले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सुरक्षा बलों की कार्रवाई

घटना के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और निमलष्करी बलों की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और इलाके को खाली कराया गया। साथ ही हमलावरों की तलाश के लिए सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

पृष्ठभूमि और विशेष तथ्य

बैसरन घाटी एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, जहां हर वर्ष हजारों पर्यटक आते हैं। यह वर्ष २०२५ का पहला बड़ा आतंकी हमला है जिसमें पर्यटकों को निशाना बनाया गया है। इससे पहले, मई २०२४ में भी इसी इलाके में एक आतंकी हमले में दो पर्यटक घायल हुए थे।

इस हमले ने घाटी की सुरक्षा व्यवस्था और पर्यटकों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं, इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है और आतंकवाद के खिलाफ एक बार फिर सख्त रवैया अपनाने की मांग तेज हो गई है।

पहलगाम आतंकी हमला मृत्युआंक २८ पहुंचा, इसमें २ विदेशी शामिल (१ इटालियन, १ इजरायली)

# २६/११ के शहीद की पत्नी कल्पना पवार बनीं पुलिस उपअधीक्षक

## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नियुक्ति पत्र सौंपा

मुंबई । विशेष प्रतिनिधि

२६/११ के मुंबई आतंकी हमले में शहीद हुए पुलिस कांस्टेबल अंबादास पवार की पत्नी कल्पना पवार को सीधे पुलिस उपअधीक्षक (डीवाईएसपी) के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्हें यह नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों मंगलवार को प्रदान किया गया।

कल्पना पवार को यह पद परिविक्षाधीन डीवाईएसपी के रूप में प्रत्यक्ष नियुक्ति के तहत दिया गया है। यह नियुक्ति २६/११ के आतंकी हमले में अतिरकियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए उनके पति की शहादत के सम्मान में दी गई है।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस नियुक्ति के माध्यम से शहीदों और उनके परिवारों के प्रति राज्य सरकार की कृतज्ञता और संवेदनशीलता को एक बार फिर व्यवहार में उतारते हुए दर्शाया है।



इस नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए कल्पना पवार ने कहा, मेरे पति की तरह अब मुझे भी देशसेवा का अवसर मिला है। यह सरकार किसानों, मेहनतकशों, बहनों और देश के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीदों की सरकार है - यह मेरी इस नियुक्ति से फिर एक बार साबित हुआ है।

कल्पना पवार की यह नियुक्ति राज्य के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आई है और शहीद परिवारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# पंकजा मुंडे का भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'हाउसफुल' जनता दरबार

## राज्यभर से उमड़ी जनता, समस्याएं सुनीं और मौके पर ही समाधान किया गया

मुंबई, २२ अप्रैल । प्रतिनिधि

महाराष्ट्र सरकार की पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन तथा पशुसंवर्धन मंत्री पंकजा मुंडे के नेतृत्व में सोमवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित पहला जनता दरबार अभूतपूर्व रूप से सफल रहा। इस दरबार में राज्य के कोने-कोने से आए नागरिकों ने बड़ी संख्या में अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं, जिन्हें पंकजा मुंडे ने स्वयं सुनकर और समझकर मौके पर ही हल करने का प्रयास किया।

भाजपा की ओर से यह निर्णय लिया गया है कि हर महीने मंत्रियों का जनता दरबार आयोजित किया जाएगा। इस पहल के पहले कार्यक्रम की कमान पंकजा मुंडे को दी गई थी। दोपहर ३ से





५ बजे तक चले इस दरबार में राज्य भर से आए नागरिकों ने व्यक्तिगत, सामाजिक, पर्यावरणीय, पशुपालन और अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं रखीं।

पंकजा मुंडे ने प्रत्येक नागरिक से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की, उनकी शिकायतें सुनीं, निवेदन स्वीकार किए और संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर तत्काल समाधान की दिशा में कार्य किया। उन्होंने कहा कि जनसेवा के इस माध्यम से सामान्य जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का अवसर मिला और यह पहल सराहनीय साबित हो रही है। जनता दरबार की समाप्ति के बाद मीडिया से बात करते हुए पंकजा मुंडे ने कहा कि जनता का भरपूर प्रतिसाद मिला है, और यह दर्शाता है कि लोगों को सीधे सरकार तक अपनी बात पहुंचाने का एक प्रभावी मंच मिल रहा है। यह भाजपा की जनसेवा की नीति को और मजबूत करता है। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे। जनता दरबार की यह शुरुआत राज्य में नागरिकों और सरकार के बीच संवाद को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# वक्फ कानून से गरीब और ज़रूरतमंद मुसलमानों को मिलेगा न्याय-केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू का दावा

रिपोर्ट: जमीर काज़ी ।
मुंबई

केंद्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने मंगलवार को दावा किया कि वक्फ (संशोधन) कानून का उद्देश्य पूर्ववर्ती कानून की खामियों को दूर कर वक्फ बोर्ड की कार्यक्षमता को बढ़ाना है। यह कानून वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और नियंत्रण में आने वाली समस्याओं और चुनौतियों को हल करने के लिए बनाया गया है। रिजिजू ने स्पष्ट कहा कि इस कानून से किसी के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होगा और गरीब, ज़रूरतमंद मुसलमानों को न्याय मिलेगा।



यह वक्तव्य मुंबई में भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित वक्फ सुधार विधेयक पर कार्यशाला के बाद आयोजित पत्रकार परिषद में दिया गया। रिजिजू ने कहा कि वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति पर हो रही आलोचना निराधार है। उन्होंने याद दिलाया कि प्रयागराज कुंभ मेले की व्यवस्था समिति के अध्यक्ष आज़म खान थे, लेकिन किसी ने तब इस पर सवाल नहीं उठाया।

उन्होंने कहा कि अब वक्फ बोर्ड किसी भी संपत्ति को मनमानी तरीके से वक्फ घोषित नहीं कर सकेगा। यह नया कानून पूरे-पूरे गांवों को वक्फ घोषित करने जैसी धांधलियों पर रोक लगाएगा। रिजिजू ने बताया कि इस कानून को पसमांदा, बोहरा, अहमदिया जैसे मुस्लिम समुदायों का समर्थन प्राप्त हुआ है और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इसके लिए आभार भी जताया है।

रिजिजू ने कहा कि इस कानून से मुसलमानों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप होगा - ऐसी अफवाहें केवल वोटबैंक की राजनीति के लिए फैलाई जा रही हैं, जिनमें कोई सच्चाई नहीं है।

उन्होंने यह भी बताया कि पुराने वक्फ कानून के धारा ४० का दुरुपयोग कर निजी संपत्तियों को वक्फ संपत्ति घोषित किया जा रहा था। अब इसे रद्द किया गया है। इसके अंतर्गत मुतवल्लियों को छह महीनों के भीतर वक्फ संपत्तियों का विवरण केंद्रीय पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य होगा। यह पोर्टल पारदर्शी और स्वचालित प्रणाली के तहत रजिस्ट्रेशन, ऑडिट और मुकदमों के प्रबंधन का काम करेगा।

कोई भी विवाद जिलाधिकारी द्वारा सुलझाया जाएगा, जो राज्य सरकार को रिपोर्ट देंगे। इससे वक्फ संपत्तियों के प्रशासन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित होगा।

इस मौके पर लोकसभा सांसद मेधा कुलकर्णी, भाजपा प्रदेश महासचिव माधवी नाइक, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये, और प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष इद्रीस मुलतानी सहित अन्य नेता उपस्थित रहे।

# अपनी बेटी मुझे दे दो कहकर गांव के गुंडे ने शिक्षक को बुरी तरह पीटा

केज, प्रतिनिधि ।

बीड जिले के केज तालुका के वरपगांव से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक गांव के गुंडे ने अपनी बेटी मुझे दे दो ऐसी धमकी देते हुए एक शिक्षक पर न केवल हमला किया, बल्कि कुल्हाड़ी से पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस सनसनीखेज मामले को लेकर पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि अब तक इस मामले में किसी के खिलाफ पुलिस में कोई केस दर्ज नहीं किया गया है।

परिजनों का आरोप है कि यह पूरा कांड बंदूक की नोंक पर अंजाम दिया गया। घटना वरपगांव के एक विद्यालय के सामने दिनदहाड़े हुई, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। आरोपियों ने शिक्षक पर हमला करने के बाद उसकी बाइक पर ट्रैक्टर चढ़ाकर जानबूझकर नुकसान पहुंचाया। पीड़ित शिक्षक की पहचान बाजीराव डोईफोडे के रूप में हुई है, जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं और वर्तमान में बीड के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। शिक्षक के रिश्तेदार महादेव घुमरे ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने कुल्हाड़ी से मारपीट की और फिर शिक्षक की बाइक को ट्रैक्टर से कुचलकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाद में इस पूरी घटना को सड़क दुर्घटना बताने की कोशिश की गई।

घटना के बाद शिक्षक के परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मिलने की बात कही है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे आत्मदाह जैसा कदम उठाने पर मजबूर होंगे।

स्थानीय लोगों और परिवारजनों की मांग है कि दोषियों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए और शिक्षक परिवार को न्याय दिलाया जाए। पुलिस प्रशासन पर इस मामले को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

# हिंदी भाषा की अनिवार्यता पर शिक्षा मंत्री की बड़ी घोषणा

## अनिवार्य शब्द हटेगा, विरोध के बाद सरकार का यू-टर्न

मुंबई । जमीर काजी

महाराष्ट्र में कक्षा पहली से हिंदी भाषा को अनिवार्य किए जाने को लेकर उठा विवाद अब शांत होता दिखाई दे रहा है। राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया कि शासन निर्णय में उल्लेखित हिंदी भाषा अनिवार्य शब्द को हटाया जाएगा और नया शासन निर्णय जारी किया जाएगा।



शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार ने किसी भी राज्य पर कोई भाषा थोपने का आदेश नहीं दिया है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० में तीन भाषा फॉर्मूले का उल्लेख है, लेकिन यह भी स्पष्ट किया गया है कि इनमें से दो भाषाएं भारत की होनी चाहिए। केंद्र ने कोई भाषा अनिवार्य नहीं की है। राज्य की सुकाणू समिति की बैठक में तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को स्वीकार किया गया था, लेकिन 'अनिवार्य' शब्द से भ्रम पैदा हुआ, जिसे हटाया जाएगा।

इस निर्णय को लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे और शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञ रमेश पानसे ने विरोध दर्ज किया था। रमेश पानसे, जो कि राज्य की सुकाणू समिति के सदस्य हैं, ने भी कहा कि पहली से हिंदी भाषा अनिवार्य करना गलत है और इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए।

शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने कहा कि मराठी माध्यम और अंग्रेजी माध्यम की सभी शालाओं में मराठी विषय अनिवार्य है। अन्य माध्यम की शालाओं में भी मराठी विषय लागू किया गया है और मराठी पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए मराठी में डिग्री अनिवार्य की गई है।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अच्छे पहलुओं को महाराष्ट्र के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। इतिहास और भूगोल जैसे विषयों में बड़े स्तर पर परिवर्तन देखने को मिलेंगे। साथ ही, राज्य सरकार द्वारा १०,५०० शिक्षकों की भर्ती भी पवित्र पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।

मंत्री ने जानकारी दी कि राज्य के सभी ८ शैक्षणिक विभागों में विशेष खेल प्रतिभाओं के लिए आनंद गुरुकुल निवासी स्कूल की शुरुआत की जाएगी, जो विशेष शिक्षा और सुविधाएं प्रदान करेंगी।

उन्होंने बताया कि हाल ही में १०वीं और १२वीं की परीक्षा के दौरान नकलमुक्त अभियान सफल रहा और मुख्यमंत्री द्वारा जिलाधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद किया गया।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा १०० दिवसीय विशेष कार्यक्रम भी चलाया गया है, जिसके तहत 'गर्जा महाराष्ट्र माझा' राज्यगीत को सभी स्कूलों में अनिवार्य रूप से गाने का आदेश दिया गया है।

राज्य में ६५ शैक्षणिक संस्थाओं के साथ बैठक कर शिक्षकों पर पड़ने वाले गैर-शैक्षणिक कार्यों को कम करने का निर्णय भी लिया गया है। इसके लिए एक अलग शासन निर्णय लाया जाएगा।

मंत्री भुसे ने कहा कि छात्रों के स्वास्थ्य की जांच के साथ स्वास्थ्य पत्रिका तैयार की जाएगी और बीमारी की स्थिति में उन्हें बड़े अस्पतालों में निशुल्क इलाज भी उपलब्ध कराया जाएगा।

इस पूरी पृष्ठभूमि में अब शिक्षा विभाग की ओर से हिंदी भाषा को अनिवार्य बनाने का निर्णय विवादास्पद होने के कारण वापस लिया जा रहा है, और जल्द ही इस संबंध में संशोधित शासन निर्णय जारी किया जाएगा।

उर्दू दैनिक तामीर के २५ वे साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के कलाकार तैयार हों-ॲड.सर्जेराव तांदळे

## आदर्श ग्राम वंजारवाडी स्थित मातोश्री विद्यालय, जिला परिषद स्कूल और आंगनवाड़ी का वार्षिक स्नेहसंमेलन हर्षोल्लास से संपन्न







बीड, प्रतिनिधि:

तालुका अंतर्गत आदर्श गांव वंजारवाडी में छत्रपती शिक्षण प्रसारक मंडळ द्वारा संचालित मातोश्री माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय, जिला परिषद प्राथमिक शाला और आंगनवाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक स्नेहसंमेलन कार्यक्रम भव्यता से संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित एडवोकेट सर्जेराव तात्या तांदळे ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच मिलता है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अवसर मिलना चाहिए, और वंजारवाडी के विद्यार्थी विश्वस्तरीय बनें, यही हमारी आकांक्षा है।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई। विशेष अतिथि वैजिनाथ नाना तांदळे और मुरलीधर बप्पा ढाकणे ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। सोमिनाथ सर, भास्कर दादा, सचिन तांदळे सर, और दयावान सर ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस दौरान विद्यालय की पुरानी अवस्था और वर्तमान भव्य स्वरूप पर प्रकाश डाला गया। बताया गया कि एक समय था जब स्कूल में केवल पाँच छात्र रह गए थे, लेकिन तात्या नाना के प्रयासों से आज यह स्कूल एक आदर्श रूप में खड़ा है। गांव में आगे की पढ़ाई की सुविधा नहीं थी, जिसे देखते हुए एडवोकेट सर्जेराव तात्या ने मातोश्री विद्यालय की स्थापना कर बच्चों को शिक्षा की ओर अग्रसर किया।

डॉ. तांदळे ने कहा कि आधुनिक युग में हमें सिर्फ अपने गांव के विद्यार्थियों से नहीं, बल्कि विदेशों के विद्यार्थियों से भी प्रतिस्पर्धा करनी है। शिक्षक जितना ध्यान बच्चों पर देते हैं, उतना ही अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे व्यक्ति जीवन को सहज बना सकता है।

कार्यक्रम में देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण रहा और विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों पर ग्रामवासियों ने तालियां बजाकर सराहना की। कार्यक्रम की सफलता के लिए मातोश्री विद्यालय की पूरी टीम, भारती मैडम, नागरगोजे मैडम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का विशेष आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मण पवारसाहेब, सोमिनाथ तांदळे सर, समाजसेवक राख नाना, सचिन तांदळे सर, लक्ष्मण तांदळे सर, दयावान सर, शहादेव नाना, महादेव दादा, यादव भाऊ, दिनकर पाटील, शिवाजी नागरगोजे, अंकुश अण्णा, समेत अनेक ग्रामस्थ, महिलाएं और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आगंतुकों और पालकों के लिए ग्रामवासियों द्वारा चाय-पानी की व्यवस्था भी की गई थी। इस प्रकार वंजारवाडी में आयोजित यह वार्षिक स्नेहसंमेलन न केवल सांस्कृतिक गतिविधियों का उत्सव बना, बल्कि शिक्षा के प्रति जागरूकता का प्रतीक भी बना।

# राहुल गांधी विदेश जाकर कर रहे भारत की बदनामी-चंद्रशेखर बावनकुळे

## कांग्रेस के पूर्व विधायक संग्राम थोपटे भाजपा में हुए शामिल



मुंबई । विशेष प्रतिनिधि

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी विदेश जाकर भारत की छवि खराब कर रहे हैं और चुनाव आयोग पर भी बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस अब अपने मूल विचारों से भटक गई है और चापलूसी का रास्ता अपना चुकी है, जबकि भाजपा का आधार विकास की राजनीति है।

यह वक्तव्य तब आया जब भोर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस विधायक संग्राम थोपटे ने मंगलवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में प्रवेश किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बावनकुळे ने कहा कि थोपटे जैसे नेता को भाजपा में शामिल करना कोहिनूर हीरा मिलने जैसा है।संग्राम थोपटे, पूर्व मंत्री अनंतराव थोपटे के पुत्र हैं और तीन बार भोर से विधायक रह चुके हैं। उनके व्यापक जनसंपर्क और अनुभव से भाजपा की विचारधारा को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी और पुणे जिले में पार्टी को मजबूती मिलेगी, ऐसा विश्वास बावनकुळे ने व्यक्त किया। भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने भी कहा कि जमीन से जुड़े और दमदार नेतृत्व करने वाले संग्राम थोपटे के भाजपा में आने से संगठन को ताकत मिलेगी।थोपटे ने भाजपा प्रवेश पर कहा कि यदि मतदारसंघ में तेजी से विकास करना है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली भाजपा ही इसका माध्यम है। इस मौके पर जलसंपदा मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटील, ग्रामविकास मंत्री जयकुमार गोरे, सांसद धनंजय महाडिक, पूर्व मंत्री सदाभाऊ खोत, विधायक राहुल कुल, योगेश टिळेकर, प्रदेश महासचिव विक्रांत पाटील, राजेश पांडे, मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये और मीडिया प्रमुख नवनाथ बन सहित अनेक भाजपा नेता उपस्थित थे। संग्राम थोपटे के साथ भाजपा में शामिल होने वालों में भोर, राजगड और मुळशी तालुका कांग्रेस अध्यक्ष शैलेश सोनवणे, नाना राऊत, गंगाराम मानेरे, पुणे जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष महेश टापरे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष गीता शेटे, किरण काळभोर, राजगड सहकारी साखर कारखाना उपाध्यक्ष पोपटराव सुके, कृषि उत्पन्न बाजार समिति सभापति आनंदराव आंबवले, उपसभापति धनंजय वाडकर, संचालक शिवाजीराव बुचडे, निर्मलाताई आवारे, शोभाताई जाधव, स्वरूपाताई थोपटे सहित कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हैं।इस राजनीतिक घटनाक्रम को पुणे जिले में भाजपा की चुनावी तैयारी के लिहाज से एक महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है।

# बीड में मांग गारुडी समाज के सभागृह का काम प्रगति पर

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के युवा नेता डॉ. योगेश क्षीरसागर ने किया स्थल का निरीक्षण



बीड, २२ अप्रैल:

शहर के प्रकाश आंबेडकर नगर में मांग गारुडी समाज के लिए निर्माणाधीन सभागृह के कार्य का मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के युवा नेता डॉ. योगेश क्षीरसागर ने निरीक्षण किया। उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान समाज को सभागृह देने का वादा किया था, जिसे अब वे पूरा कर रहे हैं।


यह निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है और जल्द ही पूर्ण होने की संभावना है। कार्य की गुणवत्ता से संतुष्ट होकर समाज के नागरिकों ने खुशी जाहिर की और डॉ. क्षीरसागर के प्रति आभार व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान गोरख काळे, कल्याण अंकुशे, गणेश रोकडे, करण काळे, दिनेश चौगुले, बंडू कुसळकर, रवी काळे, लखन काळे, रवी रोकडे, और संदीप काळे सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर डॉ. योगेश क्षीरसागर ने उपस्थित नागरिकों से संवाद करते हुए आश्वासन दिया कि वे भविष्य में भी समाज के विकास के लिए इसी प्रकार सक्रिय रूप से कार्य करते रहेंगे।

# तारामंडल और इन्क्युबेशन सेंटर की पहल स्वागतयोग्य, लेकिन डॉ. पंजाबराव देशमुख छात्रावास के विद्यार्थियों का क्या होगा?-शिवसंग्राम का सवाल

## शिवसंग्राम प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को सौंपा निवेदन



बीड, प्रतिनिधि ।

बीड जिले के वार्षिक योजना व विकास निधि २०२५-२६ के अंतर्गत उपमुख्यमंत्री तथा बीड के पालक मंत्री अजित दादा पवार द्वारा प्रस्तावित तारामंडल (तारांगण) और इन्क्युबेशन सेंटर की स्थापना की घोषणा का शिवसंग्राम संगठन ने स्वागत किया है, लेकिन साथ ही यह भी मांग की है कि इन परियोजनाओं के लिए ऐसी भूमि का चयन किया जाए जिससे छात्रों को किसी प्रकार की हानि न हो।

यह दोनों प्रकल्प बीड स्थित कै. विनायकराव मेटे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, नगर रोड परिसर में स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं। इसके तहत तीन एकड़ जमीन पर तारामंडल और दो एकड़ जमीन पर इन्क्युबेशन सेंटर की योजना बनाई गई है। परंतु चिंता का विषय यह है कि जिस भूखंड का चयन किया गया है, वहां डॉ. पंजाबराव देशमुख छात्रावास, औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, राणी पद्मिनी प्रशिक्षण संस्था, बीटीआरआई, कौशल विकास केंद्र, ट्रायसेम वर्कशॉप सहित कई महत्वपूर्ण संस्थान और कार्यशालाएं चल रही हैं।

शिवसंग्राम ने निवेदन में कहा है कि यदि इन भवनों को गिराया गया, तो वहां रह रहे २२० छात्रावास के विद्यार्थियों और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अन्य विद्यार्थियों को भारी नुकसान होगा। यह छात्रावास हाल ही में डॉ. पंजाबराव देशमुख वसतीगृह योजना के तहत पुनर्निर्मित किया गया है।

संगठन का सुझाव है कि संस्था परिसर के बजाय जायकवाड़ी वसाहत की तीन एकड़ भूमि तारामंडल के लिए आवंटित की जाए, ताकि प्रशिक्षण संस्थान की वर्तमान इमारतें और छात्रावास सुरक्षित रह सकें। साथ ही भविष्य में राष्ट्रीय प्रशिक्षण मानकों के अनुसार आवश्यक कोर्स और संरचनाएं भी बनाए रखी जा सकें।

इस संदर्भ में आज शिवसंग्राम के जिलाध्यक्ष प्रा. सुभाष जाधव, शहराध्यक्ष सुहास पाटील, मनीषा कुपकर, युवक जिलाध्यक्ष सुनील कुटे, मनोज जाधव, साथीराम ढोले, अमजद पठाण, गणेश साबळे, राजेंद्र माने, प्रशांत डोरले, हरिश्चंद्र ठोसर और गहिनीनाथ मस्के आदि प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी अविनाश पाठक को औपचारिक रूप से निवेदन सौंपा।

शिवसंग्राम ने स्पष्ट किया कि वे विकास योजनाओं के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन ऐसी योजनाएं लागू करते समय विद्यार्थियों के भविष्य और प्रशिक्षण संस्थाओं की स्थिरता को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

# उपसभापति डॉ. नीलम गोऱ्हे ने बीड़ में साक्षी कांबळे आत्महत्या प्रकरण में पीड़ित परिवार से की मुलाकात

## कॉलेज या स्कूल में छात्राओं को कोई परेशान करे तो सीधे कार्रवाई महाराष्ट्र पुलिस करेगी-डॉ.गोऱ्हे



बीड, २२ अप्रैल २०२५: धाराशिव में मामा के घर फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाली साक्षी कांबळे के परिजनों से आज महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति डॉ. नीलम गोऱ्हे ने बीड़ में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिजनों की मांगें सुनीं, उन्हें मानसिक सहारा दिया और आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इस मामले के आरोपी को जमानत मिलने से पीड़ित परिवार में आक्रोश की लहर है। जानकारी के अनुसार, धाराशिव पुलिस न्यायालय में आरोपी की जमानत रद्द करने के लिए अपील दाखिल की जाएगी। डॉ. गोऱ्हे ने बताया कि पहले ही एफआईआर दर्ज की जा चुकी है और अब पीड़िता का पूरक बयान लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में जो भी दोषियों को बचाने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।कॉलेज और स्कूल की छात्राओं को हो रही परेशानियों के संबंध में उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि अगर कोई भी छात्रा को छेड़छाड़ या अन्य किसी प्रकार से परेशान करता है, तो उसकी सीधी टक्कर महाराष्ट्र पुलिस से होगी। छात्राओं को चाहिए कि वे बिना डर के पुलिस या भरोसेमंद सामाजिक कार्यकर्ताओं से संपर्क करें।

परिजनों ने इस दौरान पुलिस अधिकारियों के रवैये, जातीय भेदभाव और कार्रवाई में हो रही देरी जैसे गंभीर मुद्दे उठाए। डॉ. गोऱ्हे ने आश्वस्त किया कि ये सभी मुद्दे राज्य के उच्च नेतृत्व तक पहुंचा दिए गए हैं। उन्होंने कहा, मैंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को भी इस पूरे मामले की जानकारी दी है। संपूर्ण महाराष्ट्र की निगाहें इस मामले पर टिकी हैं।डॉ. गोऱ्हे ने इस दौरान बताया कि साक्षी की सगाई हो चुकी थी, वह खुश थी, लेकिन कॉलेज में हो रही प्रताड़ना के कारण उसे आत्महत्या करनी पड़ी। मैं स्वयं पुलिस से मिलकर ऐसे 'टारगेट करने वाले छात्रों' के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रही हूँ। जो कोई भी आरोपी को बचाने का प्रयास करेगा, उसके खिलाफ भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

अंत में, उपसभापति ने राज्य की सभी छात्राओं से अपील करते हुए कहा, यदि कोई आपको परेशान करता है, आपके फोटो या वीडियो का दुरुपयोग करता है, तो घबराए बिना पुलिस से संपर्क करें। साइबर अपराध की शिकायत भी दर्ज कराएं। सरकार और प्रशासन पूरी तरह से आपके साथ है।इस अवसर पर बीड़ के जिलाधिकारी श्री अविनाश पाठक, पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत कावत, शिवसेना मराठवाड़ा सचिव श्री अशोक पटवर्धन, महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की सदस्य व शिवसेना संपर्क प्रमुख ॲड. संगीता चव्हाण, जिल्हा प्रमुख अनिल जगताप, सचिन मुळूक, स्वप्नील गलदर, महिला जिल्हा प्रमुख रत्नमाला आंधळे, युवासेना नेता रविराज बडे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। डॉ. गोऱ्हे ने कहा कि सरकार और पुलिस प्रशासन इस आत्महत्या प्रकरण में गंभीरता से ठोस कदम उठा रहा है।

दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटरर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharashtra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com